# कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव

## ई–निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या– पी.एम.यू / 2561 / 427(6) / 2019 दिनांक 23–08–2019 द्वारा प्राप्त धनराशि 33.67 लाख तथा 14वॉं वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान राशि के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत कार्य योजना पत्र संख्या– मेमो / 21–एल0बी0सी0 / 2019 दिनांक 26–11–2019 द्वारा स्वीकृत धनराशि 37.33 लाख अर्थात कुल धनराशि 71.00 लाख के सापेक्ष कराये जाने वाले एफ0आर0एफ0 सेन्टर निर्माण / सचालन हेतु ई–निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (लाख रू0 में) | टेण्डर फार्म की कीमत कर सहित | 2% धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म / ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | डिजाइन, निर्माण कमीशनिंग तथा दो टी0पी0डी0 का बायोगैस प्लान्ट का अधिष्ठापन तथा भाभा एटोमिक रिसर्च सेन्टर द्वारा गीले कूडे को निस्तारित करने के लिये (प्री डाइजेस्टर, मेन डाइजेस्टर, एस0टी0पी0 एवं प्लान्ट से सम्बन्धित मैकेनिकल आइटम, सूखे कूडे का प्रोसेसिंग प्लान्ट) का निर्माण एवं पॉंच वर्ष तक संचालन का कार्य। | 71.00 | 9216.00 | 142000.00 | तीन माह | A,B (भाभा एटोमिक रिसर्च सेन्टर द्वारा लाइसेन्स / मान्यता प्राप्त) |

**मुख्य शर्तें–**

1– निविदा प्रपत्र आन लाइन उपलब्ध है जो ऑन लाइन http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 27–02–2020 |
| (b) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 27–02–2020 को प्रातः 11:00 बजे से |
| (c) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अतिम तिथि व समय | 03–03–2020 को सांय 05:00 बजे तक |
| (d) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 05–03–2020 को प्रातः 11:00 बजे से |
| (e) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खुलने के उपरान्त |
| (f) | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव |

2– विस्तृत विवरण व शर्तें http://etender.up.nic.in पर एवं पालिका वेबसाइट http://unnaonpp.in एवं नगर पालिका परिषद उन्नाव में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

3– उपरोक्त निर्माण कार्यों का भुगतान धन की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

4– इच्छुक फर्म / ठेकेदार का भाभा एटोमिक रिसर्च सेन्टर द्वारा लाइसेन्स / मान्यता प्राप्त होना आवश्यक है। जिसको गीले कूडे को निस्तारित करने के लिये (प्री डाइजेस्टर, मेन डाइजेस्टर, एस0टी0पी0 एवं प्लान्ट से सम्बन्धित मैकेनिकल आइटम, सूखे कूडे का प्रोसेसिंग प्लान्ट) की स्थापना एवं पॉंच वर्ष तक संचालन का कार्य सम्बन्धित फर्म द्वारा किया जायेगा।

5– कार्य की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में कार्यदायी संस्था स्वयं जिम्मेदार होगी।

6– सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान उ0प्र0 में किसी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट का कार्य पूर्ण किया गया हो।

7– इच्छुक फर्म / ठेकेदार के पास तकनीकी रूप से योग्य कर्मियों तथा उक्त कार्य से सम्बन्धित उपकरण / मशीनरी का होना आवश्यक है।

8– स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त व्यय का भुगतान राज्य वित्त आयोग अथवा निकाय के अपने श्रोतों से किया जायेगा।

9– उपरोक्त कार्य में देय जी0एस0टी0 का भुगतान प्रथक रूप से देय होगा।

10– कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण न करने पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा जिस पर कटौती ठेकेदार के बिल से अथवा जमा धनराशि से की जायेगी यह दण्ड दो सप्ताह तक अधिकतम रू0 500 / – प्रतिदिन तक हो सकता है। दो सप्ताह पश्चात् कार्य की निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

11– निविदा के साथ संलग्न 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि व बैंक चालान रसीद की मूल प्रति तथा शपथ पत्र हैसियत तथा चरित्र प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां व नगर पालिका परिषद उन्नाव में पंजीकरण रसीद की छायाप्रति आदि वांछित अभिलेख निविदा के साथ स्कैन करना एवं हार्ड कॉपी बंद लिफाफे में कार्य का नाम एवं क्रमांक उल्लिखित कर तकनीकी निविदा खुलने से एक दिन पूर्व (कार्य दिवस मे) कार्यालय नगर पालिका परिषद उन्नाव के निर्माण विभाग में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में उक्त की निविदा मान्य नहीं होगी।

12– जिस निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकृत होगी उसको कार्य करने से पूर्व, मध्य एवं अन्त की प्रत्येक स्तर की फोटोग्राफ देना अनिवार्य होगा, एवं शासनादेशों के अनुसार मानक साइन बोर्ड (डिसप्ले बोर्ड) लगाया जाना आवश्यक होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, उन्नाव।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, उन्नाव।

पत्रांक : 4708 / अभि0वि0 / 2019–20 / 5925

दिनांक : 26-2-2020

प्रतिलिपि :

1) जिलाधिकारी महोदय उन्नाव को सादर सूचानार्थ प्रेषित।
2) अपर जिलाधिकारी (वि / रा) महोदय / प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, उन्नाव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3) कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव के नोटिस बार्ड व वेबसाइट पर चस्पा हेतु।
4) सम्पादक, दैनिक राष्ट्रीय स्वरूप व दै. उन्नाव टाइम्स ......... उन्नाव को सरकारी दर पर कम से कम स्थान पर प्रकाशनार्थ।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, उन्नाव।